App-A
Crim-I

FROM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अदालत : उपखण्ड अधिकारी मुकाम-रावतभाटा

ठाकुर जी स्थान देह एवं महादेव जी स्थान बनाम देव प्रकाश S/o मोतीलाल

मुकदमा वाद नं. 19 सन् 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस में जारी हुए
	अदम पैरवी में इसी स्तर पर खारिज की जाती है। तथा इस न्यायालय के आदेश दिनांक 17/06/2016 को अपास्त किया जाकर तहसीलदार रावतभाटा को रिसीवर नियुक्त किया गया था, उसे हटाया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार हो दर्ज रजिस्टर से कम की जाकर शामिल दफ्तर हो।	
	उपखण्ड अधिकारी रावतभाटा (चित्तौड़गढ़)	
12/06/2025	प्रतिवादी देवप्रकाश व लालचन्द के प्रा०पत्र धारा-152 CPC पर पत्रावली आज दिनांक को पेश हुई। प्रतिवादी ने प्रा०पत्र में तथ्य अंकित किए कि उक्त प्रकरण में पेशी 15/05/2025 नियत थी उस दिन प्रतिवादीगण दोनो न्यायालय में उपस्थित थे। लेकिन वादी के अनुपस्थित रहने से वाद-पत्र अदम हाजिरी व अदम पैरवी में खारिज हुआ। लेकिन फर्द अहकाम में 15/05/2025 के स्थान पर दिनांक 08/05/2025 लिख दी गई। अतः प्रतिवादी ने माह जून में नकल हेतु आवेदन दिया था इसलिए निर्णय दिनांक 08/05/2025 के स्थान पर 15/05/2025 को अंकित की जाने का निवेदन किया। पत्रावली का अवलोकन किया। वादी को पेशी की सूचना हेतु दिनांक 15/05/2025 के नोटिस जारी किये गये थे जो वाद में तामील प्राप्त हुए है, वादी की अनुपस्थिति में वाद-पत्र अदम हाजिरी में खारिज	
	उपखण्ड अधिकारी रावतभाटा (चित्तौड़गढ़)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahesh
Date: 2025.07.29 13:31:54
Reason: SelfAttested

किया गया। प्रकरण में पूर्व में दिनांक 08/5/25 की पेशी नियत थी किन्तु उस दिन पत्रावली पेशी हेतु इजलास में पेश नहीं हुई। तथा पक्षकारान को नोटिस की दिनांक 15/05/2025 के ही जारी किए गए थे लिपिकीय भूलवश पेशी 15/5/25 के स्थान पर दिनांक 08/05/2025 अंकित कर दी गई जिसे दुरुस्त किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

अतः प्रतिवादीगण का प्रार्थना-पत्र स्वीकार किया जाकर निर्णय / आदेश दिनांक 08/05/2025 के स्थान पर दिनांक 15/05/2025 पढ़े जाने का आदेश दिया जाता है।

पत्रावली फैसल शुमार हो दर्ज रजिस्टर से कम की जाकर शामिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
रावतभाटा (चित्तौड़गढ़)

Signature Not Verified

Digitally signed by Mahesh Gagor
Date: 2025.07.29 13:31:54 IST
Reason: SelfAttested